(v) बहुत महत्वपूर्ण सामरिक जरूरत को पूरा करने वाली सड़कें,

(vi) पर्याप्त लम्बाई में अत्यधिक यातायात वाली सड़कें और

(vii) ऐसी सड़कें जिनसे यात्रा की दूरी में काफी कमी आएगी और उनसे पर्याप्त किफायत होगी।

(ख) राष्ट्रीय राजमार्ग प्रणाली में शामिल की जाने वाली सड़कों के नाम बताना अभी जल्दबाजी होगा।

(ग) देश में राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लम्बाई 32,139 कि० मी० है। पिछले तीन वर्षों के दौरान राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और रख-रखाव पर किया गया खर्च इस प्रकार है :—

(लाख रुपए)

	विकास	रख-रखाव
1985–86	21385.05	9619.46
1986–87	27781.11	10424.63
1987–88	29271.51	10973.83

मसूरी का पर्यटन केन्द्र के रूप में विकास

1016. **डा० रत्नाकर पाण्डेय** : क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार उत्तर प्रदेश में मसूरी के निकट आधुनिक सुविधाओं से युक्त एक अत्यन्त रमणीय पर्यटन केन्द्र का विकास करने के किसी प्रस्ताव पर विचार कर रही है ; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री शिवराज पाटिल) : (क) और (ख) केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय राज्य सरकारों से प्राप्त विशिष्ट प्रस्तावों के आधार पर राज्यों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। मंत्रालय को मसूरी के निकट एक पर्यटक केन्द्र का विकास करने के लिए केन्द्रीय वित्तीय सहायता हेतु उत्तर प्रदेश सरकार से कोई प्रस्ताव नहीं मिला है।

Accidents involving Air India and Indian Airlines aircraft

1017. DR. MOHD. HASHIM KIDWAI: Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) what is the number of air accidents involving aircraft of Air India and Indian Airlines in 1987;

(b) what is the number of persons killed and injured in these accidents; and

(c) what are the corresponding figures of accidents concerning Air India and Indian Airlines along with the number of persons killed and injured in those accidents, during the year 1985 and 1986?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI SHIVRAJ PATIL): (a) to (c) A statement is attached.